# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र : 2018–2019

<u>अभ्यास पत्र</u>

कक्षा : दसवीं

विषय : हिंदी

## खण्ड–क (अपठित बोध)

प्र1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

'जेते पाँव पसारिए जेती लाँबी सौर' वाली कहावत बड़ी सार्थक है। भविष्य को सुखमय बनाने के लिए यह आवश्यक है कि आय का एक अंश नियमित रूप से बचाया जाए जिससे आगे आने वाली आवश्यकताओं की पूर्ति सरलता से हो सके। इस तरह सीमित खर्च करने वाला व्यक्ति मितव्ययी कहलाता है। अनावश्यक व्यय करके जो व्यक्ति धन का दुरुपयोग करता है वह फिजूल खर्च माना जाता है। वास्तव में मितव्ययिता ही बचत और संचय की कुंजी है।

मनुष्य के जीवन में जो आदतें बचपन में पढ़ जाती हैं वे किसी न किसी रूप में जीवन भर बनी रहती हैं। इसलिए बचपन में ही मितव्ययिता और बचत की आदतों का विकास आवश्यक है। कुछ बालक जेब खर्च के लिए मिले धन से भी बचत करते हैं। पैसा बचाकर अपनी–अपनी गुल्लक जल्दी–जल्दी भरने की उनमें होड़ लगी रहती है। कहा भी गया है कि एक–एक बूँद से सागर भरता है और एक–एक पैसा एकत्र करने से धन संचय होता है।

देश के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास के लिए शासन को धन चाहिए। धन प्राप्त करने के साधनों में जनता पर लगाए गए कर, सरकारी उद्योगों का उत्पादन, निर्यात आदि मुख्य हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण साधन बैकों तथा डाकघरों में संचित वह धनराशि है, जिसे नगारिक राष्ट्रीय बचत योजनाओं के अंतर्गत जमा करते हैं। राष्ट्रीय विकास के कार्यक्रमों में शासन इस संचित धनराशि का उपयोग सरलता से करता है। शासन की ओर से नगरों और गाँवों में बैंकों और डाकघरों में शाखाएँ खोली गई हैं। इनमें बालक–बालिकाओं और बड़ी उम्र के लोगों को बचत का धन जमा करने की सुविधा दी जाती है। इस दिशा में डाकघरों की सेवाएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

क) मितव्ययिता का कोई एक लाभ लिखिए।

ख) बच्चों में बचत की आदत के विकास के लिए क्या उपाय करने चाहिए?

ग) प्रशासन चलाने के लिए सरकार धन किस प्रकार जुटाती है?

घ) हम देश के विकास में किस प्रकार सहयोग देते हैं?

ङ) भविष्य को सुखमय बनाने के लिए लेखक ने क्या उपाय सुझाए हैं?

प्र2) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

विषुवत–रेखा का वासी जो,
जीता है नित हाँफ–हाँफ कर,
रखता है अनुराग अलौकिक,
वह भी अपनी मातृभूमि पर।

ध्रुव वासी जो हिम में, तम में,
जी लेता है काँप–काँप कर,
वह भी अपनी मातृभूमि पर,
कर देता है प्राण निछावर।।

तुम तो हे प्रिय बंधु! स्वर्ग–सी,
सुखद सकल विभवों की आकर,
धरा–शिरोमणि मातृभूमि में,
धन्य हुए हो जीवन पाकर।

तुम जिसको जल–अन्न ग्रहण कर,
बड़े हुए लेकर जिसका रज,
तन रहते कैसे तज दोगे,
उसको, हे वीरों के वंशज!!

जब तक साथ एक भी दम हो,
हो अवशिष्ट एक भी धड़कन,
रखो आत्म–गौरव से ऊँची,
पलकें, ऊँचा सिर, ऊँचा मन।

क) विषुवत प्रदेश और ध्रुवीय प्रदेश के लोगों के जीवन पर एक–एक वाक्य लिखिए।

ख) हमारा देश उक्त दोनों क्षेत्रों से किस प्रकार भिन्न है?

ग) मातृभूमि के लिए हमसे क्या अपेक्षा की गई है?

अथवा

सूरज नित्य लुटाता सोना, ऐसा देश हमारा है।
भूमंडल पर सबसे सुंदर, भारत सबसे न्यारा है।
पर्वतराज हिमालय जिसका, पहरा दे दिन–रात यहाँ।
सागर चरण पखारे अविरल, हर संध्या हर प्रातः जहाँ।
गंगा यमुना सरयू सतलुज
कृष्णा गोदा या कावेरी
सींचे जिस वसुधा का कण–कण
मातृभूमि शाश्वत मेरी
ब्रह्मपुत्र और नदी गोमती की बहती जल धारा है।
भू–मंडल पर सबसे सुंदर, भारत सबसे न्यारा है।
आओ जिस माटी में वीरो, हमने जन्म लिया है।
खाया जिसका अन्न, जहाँ का शीतल नीर पिया है।
छोड़ ईर्ष्या द्वेष, इसी माटी
को शीश झुकाएँ।
सभी अस्त कर जाति–भेद,
सेवा के सुमन चढ़ाएँ।

क) प्रकृति के कौन–कौन से उपकरण भारत भूमि को किस प्रकार शाश्वत रूप प्रदान कर रहे हैं?

ख) 'जिस माटी में वीरो, हमने जन्म लिया है' इस पंक्ति के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है?

ग) अपने व्यवहार में किन गुणों को लाकर हम देश के प्रति सेवा–सुमन अर्पित कर सकते हैं?

## खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्र3) शब्द और पद अंतर स्पष्ट करें।

प्र4) निम्नलिखित किन्ही तीन वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए :–

क) स्वावलंबी व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ख) अध्यापिका के समझाने पर सब बच्चे तैयार हो गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ग) भारत की राजभाषा हिंदी है जो संपर्क–भाषा भी है। (सरल वाक्य में बदलिए)

घ) वर्षा हुई ठंडी–ठंडी हवा बहने लगी। (सरल वाक्य में बदलिए)

प्र5) क) निम्नलिखित किन्हीं दो समस्तपद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए :–
आशातीत, पंचनद, लोटा–थाली

ख) निम्नलिखित किन्हीं दो का समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए :–
संसार रूपी सागर, मही को धारण करने वाला, पूर्व और पश्चिम

प्र6) निम्नलिखित किन्हीं चार अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध वाक्य बनाकर लिखिए :–

क) उसका घर मेरी घर से दूर है।

ख) हमारा लक्ष्य ज्ञान–प्राप्ति होनी चाहिए।

ग) मैंने संदुर फूल एक बहुत देखा।

घ) नाव से डूबते समय केवट पानी में कूद पड़ा।

ङ) मेरे को कल ही जाना होगा।

प्र7) किन्हीं दो रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों द्वारा कीजिए–

क) बात कुछ भी नही थी, पर उसने रो–रोकर बात ...............दिया।

ख) बाहर तो इतना गुर्राते हो और घर में...........बने रहते हो।

ग) चोरी का भेद खुलते ही वह सबके सामने पानी ....................गया।

## खंग–ग (पाठ्यपुस्तक व पूरक पाठ्यपुस्तक)

प्र8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :–

क) कर्नल ने सवार को इतनी आसानी से अंदर क्यों आने दिया?

ख) गाँधी जी अपने विलक्षण आदर्श चलाने में सफल क्यों रहे?

ग) नूह का असली नाम क्या था?

प्र9) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ हमारे स्वतंत्रता संघर्ष का एक दर्पण है। कैसे? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

वज़ीर अली का चरित्र–चित्रण कीजिए।

प्र10) क) भाव–भक्ति को जागीरा क्यों कहा गया है?

ख) राह कुर्बानियों की न वीरान हो– आश्य स्पष्ट कीजिए।

ग) तोप किस काम आई थी?

प्र11) 'आत्मत्राण' कविता के द्‌वारा कवि क्या कहना चाहता है? उसका संदेश स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'पर्वत प्रदेश में पावस' नामक कविता का प्रतिपाद्‌य अपने शब्दों में लिखिए।

प्र12) पाठ 'टोपी शुक्ला' के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि मित्रता को महज़ब की दीवारों में कैद नहीं किया जा सकता है।

अथवा

हरिहर काका के साथ उनके भाइयों का व्यवहार किन–किन परिस्थितियों में परिवर्तित हुआ और क्यों?

## खंड–घ (लेखन)

प्र13) निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए –

क) एक सैनिक की आत्मकथा

- सैनक की दिनचर्या
- संघर्ष
- चुनौतियाँ

ख) भारत की ऋतुएँ

- भारत का षड्ऋतु–चक्र
- विश्व में अनुपम तपता, ग्रीष्म और वर्षा
- सुहानी शरद्
- सी–सी करता हेमंत
- शिशिर अर्थात् पतझड़, वसंत

ग) दूरदर्शन

- उपयोगिता
- व्यापक प्रसार
- दुरुपयोग
- नए कार्यक्रम
- दूरदर्शन का भविष्य

प्र14) नर्सरी एडमिशन प्रक्रिया में धाँधली की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए शिक्षा निदेशक को एक पत्र लिखिए।

प्र15) शीतकाल में विद्यालय का समय प्रातः 7:30 की बजाय 8:00 से 2:30 अपराह्न तक कर दिया गया। शीतकालीन गणवेश भी 01 नवम्बर से पहनना अनिवार्य होगा। इस तरह की सूचना सूचना–पट के लिए प्रधानाचार्य की ओर से लिखें। (20–30 शब्दों में)

प्र16) सचिन के रिटायरमैंट को लेकर आपके और आपके दोस्त के मध्य हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

प्र17) विद्यालय के उत्तम परीक्षा परिणामों का हवाला देते हुए प्रवेश के लिए 25–50 शब्दों में विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।